<u>ऑनलाइन आवेदन के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दु:-</u>

1.आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।

2.विज्ञापित पद केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है ।

3.ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व आवेदक सम्पूर्ण विज्ञापन एवं नियमों का अवलोकन कर सुनिश्चित कर लें कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है कि नहीं?

4.आवेदन हेतु सर्वप्रथम वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन होने के पश्चात अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर पुनः लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा । जिन्होने पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में अपना रजिस्ट्रेशन किया हुआ है किन्तु इस पद के लिए आवेदन नहीं किया है वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं ।

5.आवेदक ऑनलाइन आवेदन भरते समय यह सुनिश्चित करें की उनके द्वारा दी गयी जानकारी सही है । एक बार आवेदन जमा होने के बाद उसमें किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी मे संशोधन संभव नहीं होगा अतः ध्यान रखे की ऑनलाइन फॉर्म में डाटा सावधानी से भरा जाए ।

6.सफलतापूर्वक ऑनलाइन आवेदन भरने के पश्चात आवेदक उसकी एक प्रति प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रखें।

7.आवेदक अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर और पासवर्ड से संबन्धित जानकारी सुरक्षित रखें । लॉगिन करने के पश्चात ही आवेदक अपने डेशबोर्ड पर परीक्षा से संबन्धित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।